
## अध्याय 21

# पहेलियाँ व पैटर्न



छाँट–छाँट छह
सेव रसीले
बैठी टीचर लाके।
एक सेव को
टीचर काटे
चार–चार सम फाँकें।
हर बच्चे को
टीचर देतीं
दो–दो फाँकें जाके।
कक्षा में थे कितने बच्चे
मुझे बताओ आके।।



कंडे वाली
कंडे लेकर
इक कम पूरे सौ।
बेच रही थी
गली–हाट में
दो रुपये के नौ।
पूरे दिन में
कितने रुपये
पाए मुझे बताओ।
अपनी माँ के
तुम भी लाल कहाओ।

एक पेड़ में
चार डालियाँ
हर डाली दो फूल।
छोटे–छोटे
रंग–बिरंगे
फूल रहे थे झूल।
चार बाग में
तीन पेड़ थे
जरा नहीं है भूल।
कुल कितने थे
खिले बाग में
नन्हें–नन्हें फूल।।

# पहेलियाँ



|| लड़कियाँ ||

झुंड बनाकर
पढ़ने जातीं
दो–दो चोटी वाली।
कक्षा पाँच की
बीस लड़कियाँ
कुछ गोरी कुछ काली।
चार बाँधती
हरे रंग के
फीते गोटे वाली
शेष बची जो
उसकी आधी
बाँधें फीते लाली।
उस कक्षा की
गिन बतलाओ
कितनी चोटी लाली।
जो बतलाए
नाम कमाए
सभी बजाएँ ताली।

|| बरसात ||

चार दिनों में
पानी बरसा
सोलह सेंटीमीटर।
तीन दिनों तक
नित दो सेंटीमीटर।
चौथे दिन में
बरसा पानी
कितने सेंटीमीटर।
कोई सोचे
जल्द बताए
मोहन, अब्दुल, पीटर।


## आओ कुछ पहेलियाँ बूझें



1. राजू के घर से नल तक की दूरी 9 कदम है, वह 2 कदम आगे चलकर एक कदम पीछे हो जाता है। बताओ कितने कदम चल कर उसे पार कर लेगा।

2. मैं दो अंक वाली संख्या हूँ और 6 की गुणज हूँ। उलटने पर एक अंक की विषम संख्या बन जाती हूँ। मैं कौन हूँ ?

3. खिलाड़ी दो दलों में बँटे हुए हैं – पहले दल ने कहा ''यदि तुम्हारी तरफ से एक खिलाड़ी हमारी तरफ आ जाय तो दोनों दलों में खिलाड़ी बराबर हो जायेंगे। दूसरे दल ने कहा'' यदि तुम्हारे दल से एक खिलाड़ी हमारे दल में आ जाये, तो हम तुमसे दुगने हो जायेंगे । बताओ दोनों दलों में कितने–कितने खिलाड़ी हैं?




4. 3 बार दो का प्रयोग करके 24 बनाओ।

5. 3 का 4 बार प्रयोग करके 24 प्राप्त करो।


6. राम और उसकी बेटी की उम्र का योग 31 वर्ष है और राम अपनी बेटी से पूरे 30 साल बड़ा है। तो दोनों की उम्र क्या होगी ?


7. एक नाविक को एक लोमड़ी एक बतख और भुट्टों को नाव से नदी के पार ले जाना है। लेकिन नाव एक बार में सिर्फ नाविक और बाकी तीनों में से एक को ले जाने की क्षमता रखती है। नाविक क्या करें, कि सभी को दूसरे छोर पर ले जा सके और यह सावधानी भी रखे कि लोमड़ी बतख को न खाये और बतख भुट्टे न खा जाए।




## पैटर्न : 1

आकृतियों का अगला क्रम क्या होगा? देखो, समझो और बनाओ –

1.  ____________


2.  ____________

3.  ____________


4.  ____________

5.  ____________

6.  ____________

7.  ____________

8.  ____________

9.  ____________

## पैटर्न : 2

पहली आकृति जैसी आकृति, सामने बने तीन आकृतिओं में ढूँढ़ो और सही आकृति पर (✓) का निशान लगाओ –

1. 

2. 

3. 

4. 

5. 

6. 

7. 

## पैटर्न : 3

आकृतियों को ध्यान से देखो और उनमें से जो अलग आकृति है, उसके ऊपर( ) का चिह्न लगाओ –

1. 

2. 

3. 

4 - 

5 - 